## ब्रीफ खबरें

### 1000 किलो जावा महुआ को उत्पाद विभाग ने किया जब्त

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग लगातार छापामारी अभियान चला रहा है. उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने नावाबाज़ार थाना क्षेत्र के कंडा इलाके में छापामारी की. इस दौरान 1 हज़ार किलोग्राम जावा महुआ व 25 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया. छापामारी के दौरान इस अवैध कारोबार में संलिप्त भजु प्रजापति फरार हो गया. समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव व होली के दृष्टिगत लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है.

### प्रभारी उप समाहर्ता पर मनमानी करने का आरोप

**मेदिनीनगर ।** अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की बैठक में स्थापना उप समाहर्ता सह प्रभारी उप समाहर्ता रश्मि रंजन पर मनमानी का आरोप लगाया गया, बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने की, बैठक में अध्यक्ष कहा कि स्थापना उप समाहर्ता सह प्रभारी उप समाहर्ता द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है , जिला सामान्य शाखा के प्रधान लिपिक की सेवानिवृत्ति के पूर्व प्रधान लिपिक की पदस्थापन हेतु संचिका उपस्थापित की गयी थी, परंतु प्रभारी द्वारा यह कहकर संचिका वापस कर दी गयी कि उन्हें इस शाखा में प्रधान लिपिक की आवश्यकता नहीं है.

### फोटो एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर गुलाल

**मेदिनीनगर।** पलामू फोटो एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय गीता भवन स्थित दुर्गा मंडप में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया. समारोह में जमकर रंग-गुलाल उड़े. समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर स्टूडियो संचालक भी शामिल हुए. एक-दूसरे को तिलक लगाकर उपस्थित लोगों ने होली की बधाई दी. फोटोग्राफरों के बीच एक सेमिनार आयोजन की बात कही. मौके पर विजय कश्यप, प्रेस प्रकाश, अनुज, उमेश, अमन, राजा, बसंत, प्रमोद, चंदन, अखिलेश, आदि उपस्थित थे.

### सेवा सदन में ऑपरेशन थिएटर का हुआ उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** स्थानीय प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में रविवार को तीन नए टेबल के ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन हुआ. कार्यक्रम का संचालन कर रहे संयुक्त संचिव सौमित्रों भट्टाचार्य ने बताया कि सेवा सदन में वर्तमान में आठ महिला चिकित्सक व एक जेनरल सर्जन हैं तथा मरीजों की संख्या को देखते हुए इसकी नितान्त आवश्यकता थी. उदघाटन कार्यक्रम में डॉ आरएन सिंह, डॉ एसबी महतो, प्रतिभा जैन, सुरेश कुमार जैन, सलभ सिंह, मोहन केडिया,मुरारी गोयल, सुशील लाठ, कामता प्रसाद, कृष्ण कुमार ओझा, सुधीर सिंह आदि थे.

### हमेशा यातायात नियमों का पालन करें:अभिषेक

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जेपीएस बजाज एजेंसी द्वारा शिवाजी मैदान में पल्सर मेनिया स्टंट शो का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बाहर से आए स्टंटमैनो ने बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से अलग-अलग तरह के करतब दिखाए. वहीं, आयोजन स्थल पर स्टंट को लेकर बाइक प्रेमियों में अलग ही जोश व जुनून दिखा. आयोजनकर्ता जेपीएस बजाज के मालिक अभिषेक सिंह ने कहा कि युवाओं और सभी बाइक चालकों से बाइक हमेशा हेलमेट पहनकर सुरक्षित रूप से,यातायात के नियमों का पालन करते हुए चलाने की अपील की.

उपायुक्त ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की, जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी गई

# आयरन व एल्बेंडाजोल की गोली गड्ढे में फेंकी गयी

**संवाददाता। कांडी**



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश पर प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सरकारी दवा फेंक दिए जाने के मामले की जांच की गई. उपायुक्त द्वारा गठित जांच कमेटी शनिवार की देर शाम दवाओं की जांच करने के लिए कांडी थाना पहुंची. जहां जब्त दवाओं की विस्तार से जांच की गई. जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी गई है. जहां से इसे सूबे के स्वास्थ्य मंत्री को भेजा जाएगा. ज्ञात हो कि शनिवार की अहले सुबह मीडिया द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना से दक्षिण बड़े गड्ढे एवं गड्ढे से बाहर एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवाएं फेंकी हुई पुलिस ने बरामद की. इन दवाओं में बड़े पैमाने पर आयरन की गोली फोलीक एसीड एवं कृमि नाशक कीड़े की दवा एल्बेंडाजोल पाई गई है. कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस जब्त दवाओं को थाना ले गई. इस मामले को लेकर पुलिस के उच्च पदाधिकारी के निर्देशानुसार सनहा संख्या 10/2024 दिनांक 16 मार्च 2024 दर्ज कर ली गई.

**खास बातें**

- गठित जांच कमेटी ने मौके पर जाकर दवाओं की जांच
- स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मामले को संज्ञान में लिया था

**जब्त दवाएं स्ट्रिप में हैं :** अभी हाल में फाइलेरिया की दवा के साथ कीड़े की दवा देने का जो अभियान चला था. उसकी दवा डिब्बे में थी. लेकिन यहां पर जब्त दवाएं स्ट्रिप में हैं. इसमें केवल गुलाबी रंग की एक तरह की गोली यहां की है.

**फेंकी गयीं दवाएं मझिआंव की नहीं:सिविल सर्जन**

जांच टीम में शामिल गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि इस बैच नंबर की दवाएं फेंकी गई है वह मझिआंव की नहीं हैं. इतनी बड़ी संख्या में दवाएं जिले की किसी भी फैसिलिटी सेंटर की नहीं हो सकती. कहा कि इस बैच नंबर की दवाओं का सप्लाई नहीं किया गया है. विशेष रूप से उन्होंने बताया कि गुलाबी एवं नीले रंग की दवाओं की आपूर्ति सीधे राज्य से की जाती है.

**दवाओं का स्टोरेज ढंग से नहीं किया गया था**

सिविल सर्जन ने कहा कि यह जब्त दवाओं का स्टोरेज ढंग से नहीं किया गया था. जिससे दवाओं को अच्छी हालत में नहीं पाया गया है. मार्के की बात यह है कि दवाओं के साथ कुछ रंगीन फोटोग्राफ्स पाए गए हैं. जो कांडी प्रखंड क्षेत्र के एक विद्यालय में संपन्न कार्यक्रम के हैं. जब दवा की आपूर्ति का सही पता नहीं चल रहा है. इन दवाओं को गढ़वा व मझिआंव में आपूर्ति नहीं किया बताया जा रहा है .

आम चुनाव को लेकर मतदानकर्मियों का पलामू में शुरू हुआ प्रशिक्षण

# त्रुटिरहित मतदान के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य, इसे जरूरी समझें : शशि

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



स्थानीय जीएलए कॉलेज के नये भवन के ब्लाक 'ए' एवं ब्लाक 'बी' में 8500 मतदानकर्मियों को प्रथम चरण का चुनावी प्रशिक्षण दिया गया. 40-40 मतदानकर्मियों का समूह बनाकर तीन दिन दोनों पालियों में यह प्रशिक्षण आयोजित हुआ. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में जिला के प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी प्रशिक्षण की सफलता को लेकर तत्पर रहे. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि त्रुटिरहित, निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसके लिए आवश्यक है कि सभी मतदानकर्मी अनिवार्य रुप से सांगोपांग प्रशिक्षण प्राप्त कर लें. इसमें किसी भी तरह की कोताही अक्षम्य है. प्रशिक्षण का हर बिन्दु महत्त्वपूर्ण होता है इसलिए मतदान कर्मी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें. वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद एवं प्रभारी नोडल पदाधिकारी सह एलआरडीसी प्यारेलाल ने प्रशिक्षण का गहन अनुश्रवण कर प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण के निर्देश दिए. जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद,अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक समेत 100 मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण को व्यवस्थित करने में कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, गौतम कुमार व दिनेश प्रसाद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई.

वहीं एसडीओ अनुराग तिवारी, हुसैनाबाद एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, डीआईओ रणवीर सिंह, डीएसई रणधीर कुजूर, सतबरवा बीडीओ अभिषेक कुमार पाण्डेय, पांकी बीडीओ अरुण कुमार मंडल, पीओ उपेन्द्र राम, एपीओ सुधीर कुमार, अभांशी दीक्षित, नाजरीन खान ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण व अनुसमर्थन किया.

**खास बातें**

- प्रथम चरण का चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है
- प्रशिक्षण के लिए 40-40 मतदानकर्मियों का समूह

**जुलूस व धरना-प्रदर्शन पर लगी रोक**

### चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे पलामू जिला समेत मेदिनीनगर अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र में आचार संहिता की धारा-144 प्रभावी हो गई है. सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गई है. निषेधाज्ञा के दौरान पांच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा. इसके तहत कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं. इसके लिए सक्षम पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी. वहीं, लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा. इसके अलावा किसी भी प्रकार का अग्निअस्त्र, अस्त्र-शास्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा. सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित रहेगा.

### वन विभाग ने बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा, फिर छोड़ा

**गारू (लातेहार) ।** रेंजर उमेश कुमार दुबे के शनिवार की शाम निर्देश पर वनपाल रंजय कुमार एवं वनकर्मियों ने कोयल नदी से लेकर बालू लदी दो ट्रैक्टर को पकड़ा. बावजूद इसके एक ट्रैक्टर वन विभाग परिसर से पहुंचने से पहले मात्र 300 मीटर की दूरी पर सड़क पर बालू डंप कर फरार हो गया. जबकि दूसरे ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग परिसर लाया गया. पकड़े जाने के बावजूद एक ट्रैक्टर के फरार होने की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दी. दवाब में बाद बालू डंप कर फरार हुए ट्रैक्टर को भी अर्द्धरात्रि में वन परिसर में लाया गया. रविवार की सुबह ट्रैक्टर मालिक पंचायत बालू घाट का वैध चालान लेकर सभी को दिखाते रहे और कहने लगे कि ट्रैक्टर में लदा बालू वैध है.

### अभिभावकतुल्य थे जुगल किशोर सिंह : विधायक

**मेदिनीनगर।** कब मौत हो जाए कहा नहीं जा सकता, परंतु समय से पहले की मौत, सगे संबंधियों के लिए अभिशाप की तरह है. उक्त बातें स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने विधायक प्रतिनिधि युगल किशोर सिंह के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए कही. बता दें कि डाल्टनगंज विस क्षेत्र अंतर्गत चेनपुर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि युगल किशोर सिंह पिछले वर्ष 22 मई को अपनी बाइक से किसी काम के लिए निकले थे. उनकी पुत्री की शादी थी इस कारण वह पिछले दो तीन रातों में सो नहीं पाए थे. युगल किशोर को अंदरूनी चोट लगी थी और उनका शरीर सुन्न पड़ गया था और वे लगातार अब तक इस अवस्था में भी जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहे थे. आज सुबह हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई.

# 3515 परीक्षार्थियों ने दी जेपीएससी की परीक्षा

**संवाददाता। लातेहार**

झारखंड लोक सेवा आयोग ने रविवार को ली गयी झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुआ. जिले के कुल 37 केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित की गयी. 5424 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी. लेकिन 3515 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा में भाग लिया. 1909 परीक्षार्थी अनुपिस्थत रहे. उपायुक्त गरिमा सिंह ने लातेहार व चंदवा के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी व बीडीओ मौजूद थे. परीक्षा को ले कर शनिवार की शाम से ही परीक्षार्थियों का लातेहार में पहुंचे थे. परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे. उड़न दस्ता व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी. रविवार की शाम परीक्षा समाप्त होने के बाद शहर में काफी भीड़ देखी गयी. शहर का हर चौक चौराहा जाम था. बाइपास चौक में सबसे अधिक भीड़ थी. बता दें कि लातेहार के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, गांधी कॉलेज, बनवारी साहु महाविद्यालय,मध्य विद्यालय चंदनडीह, सरस्वती विद्या मंदिर, संत जेवियर एकेडमी, मध्य विद्यालय करकट, राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, बालक मध्य विद्यालय डुरूआ, डीएवी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे स्टेशन व उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमवाटीकर में समेत चंदवा व मनिका के परीक्षार्थी केंद्र में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई.

**खास बातें**

- डीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण
- 5424 परीक्षार्थियों को देनी थी परीक्षा

# ऑनड्यूटी रेल कर्मी की ट्रेन से कट कर मौत

**संवाददाता। बरवाडीह(लातेहार)**



बरवाडीह रेलवे स्टेशन के सीएनडबल्यू में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत रेल कर्मी संजीव कुमार की मौत ट्रेन से कट कर हो गयी. घटना रविवार की सुबह 6.20 बजे की है. संजीव कुमार (33) डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के डालमियानगर का रहने वाले थे. उनकी ड्यूटी रविवार की सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक की थी.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह 6.20 बजे के करीब वे ड्यूटी के दौरान खड़ी वैगन के अंदर से ट्रैक पार कर रहे थे और वैगन खुल गई. इसमें कट कर उनकी मौत हो गयी. घटना बरवाडीह आरओएच के समीप लाइन नंबर नौ पर हुई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय रेल कर्मी और अधिकारी के साथ साथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के कई पदाधिकारी व सदस्य मौके पर पहुंचे. शाखा सचिव सुनील सिंह ने घटना पर दुख प्रकट किया और वरीय अधिकारियों से बात कर मृतक के परिजनों को तत्काल सभी प्रकार की जरूरी मदद करने का अनुरोध किया.

**जीआरपी तीन घंटे विलंब से पहुंची**

स्थानीय आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार सदल बल घटना स्थल पर पहंचे और मामले की सूचना डालटनगंज जीआरपी को दी. जीआरपी की टीम तीन घंटे विलंब से पहंची. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर ले जाने की बात कही. शाखा सचिव सुनील सिंह ने सीएमएस से आग्रह एंबुलेंस मंगाया. एंबुलेंस से शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया. पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. मौके पर एमई बरकाकाना यूके दास, सीडबल्यूएस जुगनू दास, स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, एसएसई सरोज सिंह, जेई अंकित कुमार, आरपीएफ के सचिन कुमार, शैलेश कुमार, राम जी सिंह, मिथिलेश राम, राहुल कुमार समेत कई रेल कर्मी मौजूद थे.

**प्रेरणा**

जिला कुष्ठ उन्मूलन विभाग ने दो कुष्ठ रोगियों का रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी करवा कर दिव्यांगता से मुक्त किया है

# पहले थे कुष्ठ रोगी, अब निरोग होकर लोगों को करेंगे जागरूक

**आशीष टैगोर। लातेहार**



कहते हैं कि जहां चाह है वहां राह है. जिले के कई ऐसे कुष्ठ रोगी हैं जो कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हो चुके थे लेकिन अब वे इस रोग को हरा कर पूर्णतः स्वस्थ्य हो चुके हैं. अगर वे हिम्मत हार कर बैठ जाते तो संभव था इस रोग से मुक्त नहीं हो पाते. लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं सलाहकारों की बात मानी और आज वे पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हैं. अब वे निःकुष्ठ मित्र बन कर कुष्ठ रोगियों को जागरूक करेंगे. इससे न सिर्फ कुष्ठ रोगियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जायेगा. दो कुष्ठ रोगियों को दिव्यांगता से मुक्ति मिली. जिला कुष्ठ उन्मूलन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में दो कुष्ठ रोगियों का रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी करवा कर उन्हें दिव्यांगता से मुक्त किया है. इनमें सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत की पूनम कुमारी एवं राजहार निवासी लूल्हा भुइयां शामिल है.

**खास बातें**

- अब वे नि:कुष्ठ मित्र बन कर कुष्ठ रोगियों को जागरूक करेंगे
- लूल्हा भूइंया कुष्ठ रोगियों को इलाज के लिए प्रेरित करते है

**जिले में 258 कुष्ठ रोगी, 170 का सफल इलाज**

शनिवार को सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने उन्हें नि:कुष्ठ मित्र घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया. पूनम कुमारी ने कुष्ठ विभाग के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है. उसने कहा कि जिस प्रकार वह कुष्ठ रोग से मुक्त हुई है, उसी प्रकार दूसरों को भी प्रेरित करेगी. लूल्हा भूइंया अपने मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों को इलाज के लिये हमेशा प्रेरित किया करते है. इनके प्रयास से जिला मुख्यालय के राजहार मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों की खोज करने में काफी सहायता मिली है. जिला कुष्ठ निवारण विभाग के अवकाश प्राप्त नंदू उरांव ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों का पहचान कर इलाज के लिये भेजने का कार्य कर रहे हैं. नंदू उरांव को सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया. उन्होनें कहा कि यदि थोड़े से प्रयास से कोई कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति दिव्यांग होने से बच जाता है तो इससे बड़ी मानव सेवा और कोई नहीं हो सकता है.

### पत्रकार की पिटाई मामले में कार्रवाई की मांग

**लातेहार ।** चंदवा में लगातार और शुभम संदेश के स्थानीय संवाददाता को पुलिस ने बेवजह पीट दिया. इतना ही नहीं उनके साथ मारपीट कर हाजत में भी बंद कर दिया. इसे लेकर लगातार.इन ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी. इसपर झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने संज्ञान लेते हुए लातेहार एसपी से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. सोशल मीडिया एक्स पर प्रतुल ने लातेहार एसपी को टैग करते हुए लिखा" चंदवा के एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने की खबरें आई हैं. चेहरे पर गर्म चाय फेंकने का भी आरोप लगा है. आपसे आग्रह है कि इस पूरे मामले की गहनता से जांच करने की कृपा करें.

## न्यूज अपडेट

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शुरू



**लातेहार।** कलश यात्रा के साथ रविवार को राजहार मोड़ स्थित शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव शुरू हो गया. तीन दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान होगा. रविवार प्रातः नौ बजे से मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गयी. मुख्य यजमान मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक उर्फ चामू साव और उनकी पत्नी विमला देवी थे. कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर बाइपास चौक होते हुए थाना चौक पहुंची. फिर कलश यात्रा मुख्य पथ से होते हुए काली मंदिर मोड़ गयी. फिर मानस पथ होते हुए चटनाही के औरंगा नदी तट पहुंची. यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा गया. वैदिक मंत्रोच्चांरण पंडित त्रिभुवन पांडेय ने किया.

### ओमप्रकाश रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने



**रवाडीह (लातेहार)।** तिरंगा क्लब ने रामनवमी पूजा समिति का गठन किया . समिति का अध्यक्ष ओमप्रकाश राम को बनाया गया. उपेंद्र यादव एवं अमित सेन को उपाध्यक्ष, पवन चौधरी को सचिव बनाया गया है. उप सचिव रोहित रंजन, विशाल सोनी, गोविंद सोनी एवं भीम पासवान को बनाया गया. अमित को कोषाध्यक्ष एवं कुमार सावन, रोहित रंजन एवं रितेश कुमार को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई. पंडाल एवं साज सज्जा प्रभारी रिशु कुमार,अखाड़ा प्रभारी कृष्णा यादव, पूजा प्रभारी रवि रंजन, प्रसाद प्रभारी कुमार सावन एवं रवि रंजन एवं उनकी टीम, झांकी प्रभारी गौतम बाबा एवं उनकी टीम, झंडा प्रभारी कृष्णा यादव, रंग रोंगन एवं पूजा स्थल मरम्मती प्रभारी कंचन सोनी,अजय कुमार सिंह (गोलू) एवं मीडिया प्रभारी कुमार सावन को बनाया गया.

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर मंडल कारा, लातेहार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय, एसडीजेएम मिथलेश कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने बंदियो को उनके मुकदमें की स्थिति की जानकारी रखने, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद व सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी. सचिव श्रीमती उपाध्याय ने बंदियों से उनकी समस्यायों का जाना एवं उसका निराकरण का आश्वासन दिया.

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय



**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय के हरिजन टोला में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयती मनाने को ले कर एक बैठक का आयोजन किया गया.अध्यक्षता अंबेडकर चेतना मंच के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने की. बैठक में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में गोपाल राम, बालकेश्व राम, दीपक यादव, तुलसी राम, राम कुमार भुईयां, बाबूलाल राम, सकेन्द्र राम, फुनु कुमार राम, ब्रह्मदेव राम, आदित्य राम व गोविंद दास ने भाग लिया. अंबेडकर चेतना मंच की अगली बैठक 19 मार्च को होगी.

### डीडीसी ने की एमसीएमसी के कार्यों की समीक्षा



**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह ने रविवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के कार्यों की समीक्षा की. सूचना भवन में आयोजित बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक प्रभात रंजन व समिति के सदस्य पत्रकार आशीष टैगोर शामिल थे. समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव की सुचिता बनाये रखने एवं पेड न्यूज के सूक्ष्म पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी का गठन किया गया है. उन्होंने बताया कि इस कमेटी का दायित्व लोकसभा चुनावों में प्रत्याशियों के विज्ञापन एवं पेड न्यूज पर नजर रखने की है. चाहे वह इलेट्रोनिक मीडिया हो या प्रिंट मीडिया इनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार के विज्ञापन व पेड न्यूज पर नजर रखी जायेगी. समाचार की आड़ में राजनीतिक विज्ञापनों की पहचान समिति के द्वारा किया जायेगा. उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म या बल्क मैसेज पर भी एमसीएमसी की नजर रहेगी.

### पुलिस ने चलाया कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर अभियान



**गढ़वा।** आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने के लिए गढ़वा पुलिस तैयारी में जुट गई है. लोगां को जागरूक करने के लिए रविवार को जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में ज़िला पुलिस एवं सीआरपीएफ़ के संयुक्त तत्वावधान में चुनाव को लेकर कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर अभियान चलाया गया. साथ ही आस पास नक्सलियों की गतिविधि पर रोकथाम के लिए एरिया डोमिनेशन भी किया गया. एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से भयमुक्त माहौल में संपन्न हो इसके लिए पुलिस सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है.

### नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा संपन्न



**मझिआंव।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उजाला के तहत मझिआंव प्रखंड साक्षरता समिति की ओर से नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा ली जा रही है. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड समन्वयक सह केआरपी कामेश्वर बैठा ने बताया कि नवभारत साक्षरता उजाला कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायत सचिवालयों में एवं नगर पंचायत क्षेत्र के तीन पंचायतों में नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा ली जा रही है. वही नगर पंचायत क्षेत्र में प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय मझिआंव, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले एवं प्राथमिक विद्यालय गहीड़ी में आकलन जांच परीक्षा का केंद्र बनाया गया. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में 1200 एवं नगर पंचायत क्षेत्र में 410 नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा लेने का लक्ष्य रखा गया है.

### अभाविप ने यातायात प्रभारी का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नवनियुक्त ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद का स्वागत किया. परिषद के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें बुके देकर वह साल बढ़कर सदस्यों ने स्वागत किया. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दुबे ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ट्रैफिक प्रभारी सभी जन समस्याओं का समाधान करेंगे एवं सभी ट्रैफिक नियमों का पालन कुशलतापूर्वक आम आवाम से करवाएंगे. मौके पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विवि सहसंयोजक विनीत पांडे, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, जिला कला संयोजक अंकित लाल, जीएलए कॉलेज उपाध्यक्ष कौशल मिश्रा, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, मनीष पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### राजलाबांध में 11 अप्रैल को बाहाबोंगा मनाया जाएगा

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजलाबांध बाहाबोंगा (सरहुल पूजा) कमेटी की ओर से रविवार को दोपहर एक बैठक देहुरी खोका मुंडा की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में राजलाबांध गांव के सैकड़ो ग्रामीण जुटे थे. वहीं ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि इस बार 11 अप्रैल को बाहाबोंगा बड़ी धूमधाम एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा.साथ ही पारंपरिक संस्कृति की झलक मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा. इस मौके पर खितिज मुंडा,बुधू मुंडा, मनोरंजन मुंडा,खोकन मुंडा, गुड़िया मुंडा,पुतुल मुंडा,पद्यमनी मुंडा,पुतुल मुंडा, पुष्पा मुंडा आदि लोग उपस्थित थे.

### पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार,मामला दर्ज

**नोवामुंडी।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मसाबिला गांव में एक पति के द्वारा अपनी पत्नी को हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है. मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मासाबिला गांव की है. मासाबिला गांव निवासी राइसन गुईया ने अपनी पत्नी मीरा पिंगुवा की हत्या कर फरार हो गया है. इसकी सूचना गांव के मुंडा के द्वारा जगन्नाथपुर थाने को दिया गया. जगन्नाथपुर थाना से मसाबिला गांव लगभग 25 किलोमीटर की दुरी पर है. सूचना मिलते ही जगन्नाथपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया.

### पुलिस ने हजारों लीटर जावा महुआ को नष्ट किया

**किरीबुरु।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निर्देशानुसार किरीबुरु थाना पुलिस ने सारंडा जंगल के बराईबुरु-टाटीबा के बारीसाई में छापेमारी कर अवैध महुआ शराब की भट्ठी को नष्ट किया. इस दौरान दर्जनों प्लास्टिक ड्रामों में फुलाये गये जावा महुआ को घटनास्थल पर हीं नष्ट किया. पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान अवैध शराब कारोबारी घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे. टाटीबा गांव ओडिशा सीमा से लगा है. यहां जंगलों के बीच से कारो नदी गुजरी है. नदी किनारे झारखंड व ओडिशा के दर्जनों स्थानों पर शराब माफिया अवैध शराब की चुलाई करते हैं .

### वनभोजनी पर्व के दौरान बस्ती से भूत-प्रेत भगाया !

**किरीबुरू।** किरीबुरू स्थित चर्च हाटिंग के आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपनी संस्कृति व परंपरा से जुडपा वनभोजनी पर्व मनाना प्रारम्भ किया है. शनिवार की मध्य रात्रि बस्ती के लोगों ने घर की साफ-सफाई की. इसके बाद पुरानी हंडी, टीना को बाह किया तथा टीना, थाली बजाते हुए रात भर शहर से भूत-प्रेत व बाहरी आत्मा को भगाने का कार्य करते रहे, ताकि स्थानीय लोग निरोग रहें. इसके बाद रविवार को समुदाय के लोग अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ पास के जंगल में अलग अलग हिस्सों में बंट कर गये, और खाना बनाकर परिवार साथ खाया.

### आदिवासी कल्याण केंद्र ने मागे पर्व का किया आयोजन

**किरीबुरु।** आदिवासी कल्याण केन्द्र, मेघाहातुबुरु के तत्वावधान में मागे पर्व का आयोजन किया . मागे पर्व का शुभारंभ सुबह जाते, ओतेईलि के बाद झंडोत्तोलन से किया गया. दोपहर में दियूरियों का स्नान एवं गृह पूजा के बाद शाम समाज के लोग दीयूरियों के साथ जाहेरा (देशाउली) स्थान जाकर पूजा-अर्चना किये. देशाउली से सभी आदिवासी कल्याण केन्द्र पहुंचे जहां पुनः दीयूरियों का पैर पूजन किया गया. इसके बाद सभी नगाडा, मांदर व अन्य पारम्परिक वाद्य यंत्र की धून पर सामूहिक व पारम्परिक नृत्य-गान प्रारम्भ किये.

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न , सीजीएम ने कहा-

# महिला सशक्तीकरण से विश्व प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा

संवाददाता। किरीबुरू



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकारो स्टील प्लांट, किरीबुरू लौह अयस्क खदान प्रबंधन एवं महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय एवं किरीबुरू के सीजीएम कमलेश राय, विशिष्ट अतिथि सीजीएम एस एस साहा, श्रीमती साहा, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक बीके मिंज, महाप्रबंधक आर स्वांय, श्रीमती स्वांया, महाप्रबंधक सुकरा हो ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की. मुख्य अतिथि सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि महिलाएं अपनी प्रतिभा की बदौलत विश्व में मुकाम स्थापित कर रही हैं. महिला सशक्तीकरण के की दिशा में निवेश, प्रगति में तेजी इस बार का थीम है. महिलाएं सेवा, शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, कला आदि सभी क्षेत्रों में बेहतर मुकाम हासिल कर रही हैं. समाज, परिवार व देश को आगे बढा़ने में महिलाएं, पुरुषों के अपेक्षा बेहतर कार्य कर रही हैं.

**खास बातें**

- महिला सशक्तीकरण व प्रगति में तेजी इस बार की थीम रही
- दस दिवसीय कार्यक्रम में कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन :** विगत 7 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रंगोली,अल्पना, मेहंदी, हेयर स्टाइल, बेस्ट फ्रौम वेस्ट, अंताक्षरी, डांस, सलाद सजावट, मिठाई, चाट, शौटपूट, डिस्कश थ्रो, स्टीक द बॉल आयोजित किया गया था. जिसके विजेताओं को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया.

**महिलाएं अपनी सारी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों लगाएं : सुनीता**

महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय ने कहा कि महिलाएं मां, बहन, बहू, बेटी, मां काली, सरस्वती बन जाती हैं. महिलाएं अपनी सारी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों, परिवार, समाज व देश की उन्नति में लगायें. श्रीमति साहा ने कहा कि यहां की महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. महिलाएं अपनी प्रतिभा को सामने लाने में हिचकें नहीं. सीजीएम एसएस साहा ने कहा कि महिलाएं अपनी प्रतिभा को निखारें. देश की बेटियां व महिलाएं देश का आधार स्तम्ब बन चुकी हैं. समाज बेटा व बेटियों में भेदभाव न करें. श्रीमती स्वांय ने कहा कि यह दिवस महिलाओं के लिये बहुत बड़ादिन है. महिलाएं काफी सशक्त व सहनशील होती हैं. वे अलग-अलग मानसिकता, विचारधारा व सोच वाले लोगों के अनुरूप अपने आप को ढाल कर परिवार, समाज व देश को आगे लेकर जाती हैं.

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन हुए उपस्थित

# मोटर व्हीकल एक्ट को समझने की सभी को जरूरत है : दीपक रोशन

संवाददाता। चाईबासा



जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में जिला स्तरीय मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर कार्यशाला का आयोजन वन प्रशिक्षण विद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ. कार्यशाला में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने के प्रावधानों के सरलीकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने कहा कि मोटर व्हीकल से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझने का यह महत्त्वपूर्ण अवसर है. कार्यशाला के माध्यम से हितधारक अपने जानकारी में वृद्धि कर समाज को और बेहतर योगदान दे सकते हैं. विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ शुक्ला ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्सीडेंट से जुड़े क्लेम के मामले में कानून का पालन होना बेहद आवश्यक है. बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर दंड का प्रावधान है. ऐसी बहुत सारी बातें हैं जिनको ध्यान रखकर ऐसे मामले को कम किया जा सकता है. लोगों को आयुक्त हरि केसरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे और सचिव, जिला बार एसोसिएशन अगस्टिन कुल्लू ने भी संबोधित किया. कार्यशाला में मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने उपस्थित लोगों को मोटर दुर्घटना क्लेम से संबंधित सूक्ष्म बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की.

**खास बातें**

- मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर कार्यशाला का आयोजन
- बिना डीएल के वाहन चलाने पर दंड का प्रावधान : शुक्ला
- मोटर दुर्घटना क्लेम से संबंधित सूक्ष्म बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की

**मुआवजे के भुगतान में अड़चनों को दूर करने के उपाय बताया**

उन्होंने दुर्घटना के शिकार परिवार वालों को ससमय और उचित मुआवजा के भुगतान में आने वाले प्रावधानों के अड़चनों और उसे दूर करने के उपाय बताया. साथ ही मोटर दुर्घटना कानून में 2022 में हुए संशोधनों का उल्लेख करते हुए कहा की सड़क दुर्घटना के मामले में 30 दिनों के अंदर पुलिस को इससे संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है. ऐसा नहीं होने पर संबंधित कोर्ट को इसकी सूचना देना आवश्यक है. उन्होंने इससे संबंधित नियमों और नीतियों का विस्तृत वर्णन भी किया, लोगों ने उनसे कई सवाल भी पूछे. इससे पूर्व कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया. मंच का संचालन प्राधिकार के सदस्य विकास दोदराजका ने किया. जबकि अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर जिला न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शेखर, एलएडीसी के अधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, अधिवक्तागण, पुलिस पदाधिकारी, पीएलवी, कर्मचारीगण और अन्य हित धारक उपस्थित थे.

### शोक संतप्त पत्रकार गणेश से मिले पुरेंद्र, बंधाया ढांढ़स

**आदित्यपुर ।** गम्हरिया के वरिष्ठ पत्रकार गणेश सरकार की माता दुलु सरकार (80 वर्ष) का निधन शनिवार को इलाज के क्रम में निधन हो गया. वह बीमार थीं. तामोलिया स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था. नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह राजद के प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह रविवार को शोक संतप्त पत्रकार गणेश सरकार के घर पहुंचे और उनके साथ ही परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया. पत्रकार की मां का शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज हो गया था, जिससे इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया. बता दें कि पत्रकार गणेश के पिता का नाम स्वर्गीय सुभाष चन्द्र सरकार था, जो गम्हरिया प्रखंड कृषि विभाग में पदाधिकारी थे.

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल, रेफर

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के फूलडूंगरी चौक के समीप रविवार को तेज रफ्तार कार बाइक सवार को जोरदार टक्कर मरने से महिला समिति दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया.अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा डॉ. मोगली मुर्मू ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल महिला शिवानी महतो 40 वर्षीय को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए चाकुलिया थाना क्षेत्र निवासी बाइक चालक घायल राजू महतो ने बताया कि गालूडीह श्रद्धा क्रम में हम सभी परिवार आए थे. मौसी शिवानी महतो को लेकर घाटशिला जा रहे थे. फूलडूंगरी चौक के समीप राज और राज होटल के समीप न 18 फोरलेन यू टर्न पर पश्चिम बंगाल की ओर से आ रही है कार ने धक्का मार दिया.

लोस चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने किया मंथन

# कांग्रेसी नेताओं ने सिंहभूम सीट को नहीं छोड़ने का किया दावा



संवाददाता। आदित्यपुर

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले के कांग्रेसियों ने रविवार को आदित्यपुर स्थित बोधि कॉम्प्लेक्स में एक बैठक किया, जिसमें कांग्रेस की परंपरागत सीट सिंहभूम को लेकर मंथन किया. कांग्रेसी नेताओं ने एक स्वर से सिंहभूम सीट को नहीं छोड़ने का दावा किया है. बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार ने किया. जिसमें सरायकेला समेत सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के सभी पार्टी पदाधिकारी और वरीय कांग्रेसी शामिल थे. बैठक में सर्वप्रथम लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर एवं सिंहभूम सीट से कांग्रेस को टिकट देने की मांग उठी. बैठक में पार्टी के पदाधिकारी ने गठबंधन के तहत कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने की मांग जोर शोर से उठाई. जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव एवं कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि कांग्रेस के विशाल वोट बैंक के चलते ही गीता कोड़ा की जीत हुई थी. बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सुरेश धारी, राकेश तिवारी, हिटलर सुम्बरुई, उपेंद्र शर्मा, केपी सोरेन, समरेंद्र तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी आदि शामिल थे.

अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता

# सिमडेगा महिला टीम सुपर डिवीजन में

संवाददाता। चाईबासा



झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में मेजबान पश्चिमी सिंहभूम को पराजित कर सिमडेगा की टीम सुपर डिवीजन के लिए क्वालीफाई कर गई. अपने ग्रुप के तीनों मैच जीतकर 12 अंकों के साथ सिमडेगा पहले स्थान पर रही. जबकि पश्चिमी सिंहभूम की टीम दो जीत एवं एक पराजय के साथ 8 अंक लेकर दूसरे स्थान पर खिसक गई और सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करने से चूक गई. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के अंतिम लीग मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम 49.1 ओवर में 184 रन बनाकर आल आउट हो गयी. पश्चिमी सिंहभूम की ओर से रश्मि गुड़िया ने छह चौकों एवं चार छक्कों की मदद से 63 रनों की शानदार पारी खेली. अन्य बल्लेबाजों में कप्तान प्रियंका सवैया ने 25, पिंकी तिर्की ने 24 तथा शांति कुमारी ने 22 रन बनाए. सिमडेगा की ओर से प्रियंका लूथरा ने 34 रन देकर दो विकेट, हेमा पटेल ने 11 रन देकर दो विकेट तथा ईला खान ने 9 रन देकर दो विकेट हासिल किए.

**खास बातें**

- 12 अंकों के साथ सिमडेगा पहले स्थान पर रही
- प सिंहभूम की टीम सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करने से चुकी

**लक्ष्य को सिमडेगा की टीम ने दो विकेट खोकर प्राप्त किया :** जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य को सिमडेगा की टीम ने 34.4 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया. उद्घाटक बल्लेबाज ईला खान ने 14 चौकों की मदद से 92 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को ठोस शुरुआत दी और जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अन्य बल्लेबाजों में प्रीति शर्मा ने भी तीन चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 61 नाबाद रन बनाए जबकि प्रियंका लूथरा ने 25 नाबाद रनों की पारी खेली. पश्चिमी सिंहभूम की ओर से शांति कुमारी ने 34 रन देकर एक विकेट अपने नाम किए.

**समस्या** तेज हवा बहने पर स्पंज आयरन कंपनियों से उड़ने वाले धूलकण से छाया अंधेरा

# चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद दिखा विकास का वास्तविक चेहरा

दिलीप कुमार। चांडिल



लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के कुछ देर बाद ही मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज हवा बहने के साथ क्षेत्र में बारिश हुई. बारिश होने से कहीं खुशी तो कहीं गम की स्थिति रही.चुनाव की अधिसूचना जारी होने के कुछ देर बाद ही आंधी-तूफान से चांडिल के विकास का वास्तविक नजारा देखने को मिला. तेज हवा बहने के साथ ही प्रखंड क्षेत्र स्थित स्पंज आयरन फैक्ट्रियों से काले धूलकण उड़ने लगे. इस कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे की आगोश में चला गया. सड़कों पर चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा. लोगों का घर-आंगन काले धूल से भर गये. यहां स्पंज आयरन फैक्ट्रियों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कई बार आवाज बुलंद की गई, लेकिन हर बार आवाज को दबा दिया गया. कुछ लोगों को अपने पाले में कर फैक्ट्री संचालक विनाशकारी प्रदूषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों की आवाज को बंद करवा देते हैं.

**जनप्रतिनिधि भी खामोश :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में स्थापित स्पंज आयरन फैक्ट्रियों में प्रदूषण रोकने के नियमों की अनदेखी हो रही है. जिसका नतीजा है कि यहां के साग-सब्जी खाना भी दुश्वार हो गया है. तालाब और कुआं में पानी के ऊपर मोटी काली परत जम जा रही है. क्षेत्र में लोगों टीबी और सांस संबंधी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगा है. स्पंज आयरन फैक्ट्रियों के कारण समूचा इलाका प्रभावित हो रहा है. इस अहम मुद्दे पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं. क्षेत्र के लोग जिस समस्या से त्राहिमाम कर रहे हैं.

**मानकों का अनुपालन नहीं करते फैक्ट्री**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में स्थापित स्पंज आयरन फैक्ट्रियां प्रदूषण नियंत्रण को लेकर तय मानकों को पूरा नहीं करते हैं. इसका नतीजा है कि फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र में लोग त्राहिमाम कर रहें हैं. पेड़ों के हरे पत्ते काले हो जाते हैं. बताया जा रहा है कि प्रदूषण नियंत्रण को लिए इएसपी (इलेक्ट्रो स्टैटिक प्रेसिपिटेटर) लगता है, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है. इतना ही नहीं इसे चलाने में प्रतिमाह छह लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल भी आता है. इस कारण फैक्ट्रियों में इएसपी को लगाया गया है, लेकिन इसे जांच के दौरान ही चलाया जाता है. कंपनी परिसर और मुख्य पथ तक पक्की सड़क भी नहीं बनायी गयी है.

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में चार घायल

**किरीबुरु।** किरीबुरु-बडाज़ामदा मुख्य मार्ग पर वायरलेश ढ़लान व्हूव प्वाइंट मोड़ पर दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में चार युवक घायल हो गये. घटना की सूचना मिलते हीं सेल अस्पताल प्रबंधन ने एम्बुलेंस घटनास्थल पर भेजा. किरीबुरु थाना प्रभारी मुनाजीर हसन भी पुलिस टीम के साथ पहुंचकर चारों घायलों को एम्बुलेंस व अन्य वाहनों से सेल अस्पताल भेजा. घायल युवकों में दिलीप गुड़िया (18 वर्ष) पिता पीयूष गुडिया, जोहन पूर्ति (17 वर्ष) पिता कानू पूर्ति दोनों करमपदा गांव निवासी जो मोटरसाइकिल पर सवार थे तथा दिनेश करुवा (22 वर्ष), पिता संजय करुवा एवं शिबो करुवा (32 वर्ष) पिता दिरो करुवा, दोनों मुर्गापाडा. निवासी जो मोटरसाइकिल पर सवार थे गंभीर रुप से घायल हुये हैं.

## न्यूज अपडेट

### आज बिरज में होली रे रसिया...पर झूमे लोग



**किरीबुरू।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के सांस्कृतिक कलाकारों की ओर से ठेकेदार कॉलोनी में बिहार व उत्तर प्रदेश का पारम्परिक फगुआ गीत का आयोजन किया गया. इस दौरान सबों ने होली खेले रघुवीरा... नदिया सरजू के तीरा... आज बिरज में होली रे रसिया...केकय हाथै कनक पिचकारी केकैय हाथै अबीरा... बसवरिया से कागा उड़ भागा, मोरा सइयां... छलिया का वेश बनाया... श्याम होली खेलने आया... जैसे कई फगुआ गीत लोग गाते और झूमते रहे. फगुआ दरअसल होली में गाया जाने वाला पारंपरिक गीत है. यह मूलरूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में गाए जाने वाले लोकगीत हैं. इन गीतों को लोग टोली बनाकर ढोलक और मंजीरे की थाप पर गाते हैं. यूपी, बिहार में फगुआ गाए बिना आज भी होली अधूरी मानी जाती है. कार्यक्रम में ब्रह्मदेव सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, बसंत सिंह, रत्नेश तिवारी, विनय सिंह, प्रवीण सिंह, व्यास रामाशीष, जितेन्द्र भगत, अजय गिरी, ब्रह्मानंद गिरी, दिनेश गुप्ता, उपेन्द्र, मनोज सिंह, राम भवन गुप्ता, पवन झा, हर्ष सिंह, प्रियांश सिंह, हरेन्द्र प्रसाद, अमन सिंह, श्याम सुंदर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, ओम गुप्ता, अनंत प्रसाद स्वर्णकार समेत अन्य लोग शामिल थे.

### बिहार-झारखंड में एनडीए सभी सीट जीतेगी :भुवनेश्वर



**आदित्यपुर।** लोजपा के राष्ट्रीय सचिव भुवनेश्वर लोहरा रविवार की सुबह आदित्यपुर पहुंचे. यहां उन्होंने सर्वप्रथम अपने राजनीतिक गुरु स्व राम विनय पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र में पुनः एनडीए की सरकार बनेगी. बिहार-झारखंड में एनडीए सभी सीटें जीतेगी. उन्होंने मौके पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और गठबंधन दल के लिए कार्य करने को कहा. मौके पर के प्रदेश सचिव मनोज पासवान ने बताया कि वे औपचारिक रूप से अपने दलित सेना तथा लोजपा के पुराने साथियों से मिलेंगे. कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव का स्वागत आकाशवाणी चौक पर किया.

### चक्रधरपुर के 10 परीक्षा केंद्रों पर हुई जेपीएससी की परीक्षा



**चक्रधरपुर।** झारखंड लोकसभा सेवा आयोग की संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगता परीक्षा रविवार को चक्रधरपुर के दस परीक्षा केन्द्रों पर हुई. परीक्षा को लेकर विभिन्न जगहों से परीक्षार्थी चक्रधरपुर पहुंचे थे. रविवार को दो पाली में परीक्षा हुई.पहली पाली में 3139 में 1876 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. जबकि 1263 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.वहीं दूसरी पाली में 3139 परीक्षार्थियों में 1874 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. दूसरी पाली में 1265 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर दंडाधिकारी के साथ पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी. पोड़ाहाट एसडीओ रीना हांसदा ने चक्रधरपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर जाकर परीक्षा का जायजा लिया.

### झीमड़ी में लगेगी शहीद रघुनाथ महतो की मूर्ति



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के सोनाडुंगरी (झिमड़ी) में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की मूर्ति स्थापित की जाएगी. इसके संकल्प समिति झिमड़ी के तत्वावधान में संयोजक प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में नारियल फोड़ कर भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर पंचायत समिति के सदस्य पद्मलोचन महतो एवं पारगामा के ग्राम प्रधान बासुदेव महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती 21 मार्च को मनायी जाएगी. पांच अप्रैल को शहादत दिवस के दिन छह फीट की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया जाएगा.

### उत्कल सम्मेलनी ने मुख्यमंत्री के निर्णयों का स्वागत



**आदित्यपुर।** ओड़िया मध्य विद्यालय आदित्यपुर के सभाकक्ष में रविवार को प्रधानाध्यापिका ममता झा एवं उत्कल सम्मेलनी गम्हरिया ब्लॉक के अध्यक्ष रविंद्र नाथ सतपथी की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त तथा ओड़िया मध्य विद्यालय आदित्यपुर की पूर्व प्रधानाध्यापक संध्या प्रधान, सुनील कुमार स्वांई, सौभाग्यवती देवी, अरुण आचार्य, संजय सत्पथी, जयंती दास आदि उपस्थित थे. बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया दिशा निर्देश के आलोक में मातृभाषा ओड़िया पठन-पाठन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई. संध्या प्रधान ने बताया दिनांक 13 मार्च को मुख्यमंत्री से भेंट के क्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि ओड़िया विद्यार्थी जिन क्षेत्र में उपलब्ध है .

### छह माह से सोलर जलमीनार खराब,परेशानी



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरा पंचायत अंतर्गत भालुकखुलिया गांव के सीतल हेम्ब्रम के घर के समीप लगे सोलर जलमीनार पिछले छः महीनों से खराब हो जाने से पेयजल व्यवस्था बदहाल है. यहां पेयजल समस्या के चलते लोगों को पीने के पानी के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है.वहीं भालुकखुलिया के ग्रामीणों ने बताया की पिछले छःमहीनों से गांव में सोलर जलमीनार बंद होने से गांव में पेयजल संकट गहरा गया है. जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है. फिलहाल ग्रामीण गांव से करीब 600 मीटर दूर एक निजी व्यक्ति के समरसेबल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते रहे हैं तथा गांव से एक किलोमीटर दूर छोटा तालाब में नहाने को विवश हैं.

### हो मुंडा युवा विकास समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड की नकटी पंचायत के कंकुवा में आदिवासी हो मुंडा युवा विकास समिति के तत्वाधान में द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में मुख्य रूप से पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई,समाजसेवी सुनील लागुरी,विजय दोंगो उपस्थित थे. शिविर का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया. इस मौके पर संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ.विजय सिंह गागराई ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र में लोग रक्तदान के प्रति जागरुक है. पश्चिमी शिवम जिला में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित की जाती है जो सराहनीय है. शिविर के दौरान कुल 50 यूनिट रक्त संग्रह किए गए.

### जोनल क्रिकेट अकादमी के लिए चाईबासा के साकेत का चयन



**चाईबासा।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा अंडर-16 आयु वर्ग के लिए आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में झारखंड की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले जिन छह खिलाड़ियों का चयन जोनल क्रिकेट अकादमी के लिए हुआ है. इसमें चाईबासा के साकेत कुमार सिंह भी शामिल हैं. स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल की 10वीं क कक्षा के छात्र साकेत कुमार सिंह जिला क्रिकेट संघ से निबंधित चाईबासा क्रिकेट क्लब के कप्तान भी हैं. गत वर्ष अंतर जिला अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता, 2022-23 में शानदार प्रदर्शन एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल मैच में अच्छी बल्लेबाजी के दम पर इनका चयन राज्य के अंडर -16 टीम में हुआ था. पुणे एवं बेंगलुरु में बीसीसीआई द्वारा अंडर-16 आयु वर्ग के लिए आयोजित विजय मर्चेंट ट्राफी में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए साकेत ने 6 मैचों की 9 पारियों में 31.66 की औसत से कुल 285 रन बनाए थे जिसमें बिहार के खिलाफ बनाए गए 81 रनों की शानदार पारी भी शामिल है.

